# NIRF इंडिया रैंकिंग 2025

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)


**शिक्षा मंत्रालय** ने [राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क](#) (National Institutional Ranking Framework- NIRF) **भारत रैंकिंग 2025** जारी की, जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IIT मद्रास) को लगातार सातवें वर्ष समग्र श्रेणी में शीर्ष संस्थान के रूप में पुनः मान्यता दी गई।

- NIRF 2025 में 17 श्रेणियों में 7,692 संस्थानों को शामिल किया गया, जो अब तक का सर्वाधिक आँकड़ा है। इसमें **"हरित" प्रथाओं** को मापने के लिये एक नई [सतत् विकास लक्ष्य (SDG)](#) श्रेणी भी शामिल है, जो सतत् और जवाबदेह उच्च शिक्षा पर सरकार के फोकस को उजागर करती है।
- **राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF):** शिक्षा मंत्रालय द्वारा सितंबर 2015 में शुरू किया गया, यह संस्थानों को पाँच मापदंडों-**शिक्षण, सीखना और संसाधन (30%), अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास (30%), स्नातक परिणाम (20%), और आउटरीच और समावेशिता और सहकर्मी धारणा (प्रत्येक 10%)** पर रैंक करता है।

# शीर्ष संस्थानों की रैंकिंग: 2025 बनाम 2024

| श्रेणी | 2025 | 2024 |
|---|---|---|
| समग्र | 1. IIT मद्रास<br>2. IISc बंगलूरू<br>3. IIT बॉम्बे<br>4. IIT दिल्ली<br>5. IITकानपुर | 1. IIT मद्रास<br>2. IISc बंगलूरू<br>3. IIT बॉम्बे<br>4. IIT दिल्ली<br>5. IIT कानपुर |
| इंजीनियरिंग | 1. IIT मद्रास<br>2. IIT दिल्ली<br>3. IIT बॉम्बे<br>4. IIT कानपुर<br>5. IIT खड़गपुर | 1. IIT मद्रास<br>2. IIT दिल्ली<br>3. IIT बॉम्बे<br>4. IIT कानपुर<br>5. IIT खड़गपुर |
| मैनेजमेंट | 1. IIM अहमदाबाद<br>2. IIM बंगलूरू<br>3. IIM कोझिकोडे<br>4. IIT दिल्ली<br>5. IIM लखनऊ | 1. IIM अहमदाबाद<br>2. IIM बंगलूरू<br>3. IIM कोझिकोडे<br>4. IIM दिल्ली<br>5. IIM कलकत्ता |
| विश्वविद्यालय | 1. IISc बंगलूरू<br>2. JNU<br>3. मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन<br>4. जामिया मिल्लिया इस्लामिया<br>5. दिल्ली विश्वविद्यालय | 1. IISc बंगलूरू<br>2. JNU<br>3. जामिया मिलिया इस्लामिया<br>4. मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन<br>5. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय |
| महाविद्यालय | 1. हिंदू कॉलेज<br>2. मिरांडा हाउस<br>3. हंसराज कॉलेज<br>4. किरोरी मल कॉलेज<br>5. सेंट स्टीफंस कॉलेज | 1. हिंदू कॉलेज<br>2. मिरांडा हाउस<br>3. सेंट स्टीफंस कॉलेज<br>4. रामकृष्ण मिशन विवेकानंद सेंटेनरी कॉलेज, पश्चिम बंगाल<br>5. आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, दिल्ली |

दृष्टि The Vision


NIRF रैंकिंग के मापदंड
शिक्षण, अधिगम और संसाधन – 0.30
छात्र संख्या (20)
शिक्षक-छात्र अनुपात (25)
पीएच.डी. धारक शिक्षक (20)
वित्तीय संसाधन एवं उनका उपयोग (20)
ऑनलाइन शिक्षा (15)
शोध और व्यावसायिक अभ्यास – 0.30
प्रकाशन (35)
प्रशस्ति-पत्र (35)
पेटेंट (15)
शोध परियोजनाएँ (15)
स्नातक परिणाम – 0.20
प्लेसमेंट एवं उच्च शिक्षा(40)
विश्वविद्यालय परीक्षाएँ (15)
औसत वेतन (25)
पीएच.डी. छात्र (20)
पहुँच और समावेशन – 0.10
क्षेत्रीय विविधता (30)
महिला विविधता (30)
आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर छात्र (20)
शारीरिक रूप से दिव्यांग छात्र (20)
धारणा – 0.10
सहकर्मी धारणा: शैक्षणिक सहकर्मी और नियोक्ता (100)

**और पढ़ें:** भारत में एक सुदृढ़ शिक्षा प्रणाली का निर्माण

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nirf-india-rankings-2025